कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-01.03.2024

थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा शातिर चोर गोपाल गुप्ता गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गयी 01 अदद स्कूटी बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-039/2024 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त गोपाल गुप्ता पुत्र विश्वनाथ प्रसाद निवासी एस 9/232 नई बस्ती पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी को आज दिनांक-01.03.2024 को समय करीब 13.30 बजे पाल बस्ती पाण्डेयपुर के पास थाना लालपुर पाणडेयपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गयी होण्डा एक्टिवा स्कूटी बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 12.02.2024 को वादिनी मुकदमा श्रीमती प्रिया मेंहदीरत्ता पत्नी श्री आदित्य विक्रम मेहरा निवासिनी- फ्लैट नं0 803 रूद्रा लक्ष्मीकुन्ज आशापुर थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा खुद की स्कूटी नं0 UP 32 KQ 2397 होण्डा एक्टिवा को चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में मु0अ0सं0 0039/2024 धारा- 379 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार यादव चौकी प्रभारी पहड़िया थाना लालपुर पाण्डेयपुर द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि यह स्कूटी मैंने दिनांक 11.02.2024 को शाम के समय टीवीएस एजेन्सी पहड़िया से चोरी कर लिया था, काफी दिनों तक रखने के बाद आज इसे लेकर जा रहा था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गोपाल गुप्ता पुत्र विश्वनाथ प्रसाद निवासी एस 9/232 नई बस्ती पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी उम्र करीब 37 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- चोरी की एक अदद स्कूटी वाहन नं0 UP32 KQ3997

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 प्रदीप कुमार यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विजेन्द्र सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 सुरेन्द्र मौर्या थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 रवीन्द्र कुमार यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 सूरज तिवारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।